कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

विज्ञप्ति

सर्वसाधारण के सूचनार्थ विज्ञापित किया जाता है कि छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का अनूठा इंटरैक्टिव कार्यक्रम **'परीक्षा पे चर्चा'** के सातवें संस्करण का आयोजन जनवरी/फरवरी, 2024 में नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में किया जाना प्रस्तावित है जिसमें कक्षा–6 से 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। परीक्षा पे चर्चा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पंजीकृत करने और चयन करने के लिए 12 दिसम्बर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक **https://innovateindia.mygov.in/ppc-2024/** पर एक ऑनलाइन बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQ) प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।

1. समस्त विद्यालयों के प्रधानाचार्य अपने यहाँ कार्यरत शिक्षकों, अध्ययनरत विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रतिभाग कराये जाने के साथ–साथ कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार करने के लिए अपने स्वयं के सोशल मीडिया हैण्डल और #PPC2024 का प्रयोग सुनिश्चित करें। विद्यालय अपने स्वयं के पोस्टर/क्रिएटिव/ वीडियो आदि बना सकते हैं और तद्नुसार पोस्ट कर सकते हैं।
2. कार्यक्रम के प्रसार और विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए अपनी स्वयं की मीडिया योजना तैयार करें। स्थानीय एफएम चैनलों, प्रिन्ट मीडिया एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया आदि के माध्यम से कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार करें।

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव।

पृष्ठाकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/ 487(1-8)   दिनांक : 16-12-2023

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

(1) सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि विज्ञप्ति को जनहित में अपने समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में मुख्य पृष्ठ पर निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
(2) निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
(3) महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
(4) शिक्षा निदेशक (मा0), शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
(5) समस्त मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
(6) अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर।
(7) समस्त मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक, उत्तर प्रदेश।
(8) समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

(दिब्यकान्त शुक्ल)
सचिव।